रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-29102024-258233
CG-DL-E-29102024-258233

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 842] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 21, 2024/आश्विन 29, 1946
No. 842] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 21, 2024/ASVINA 29, 1946

भारतीय उपचर्या परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर, 2024

भारतीय उपचर्या परिषद् {नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग (एनपीजीएन) – स्नातकोत्तर आवासीय कार्यक्रम} विनियम, 2023

फा. सं. 11–1/2024–आईएनसी (IV).–समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का ग्स्टप्प्) की धारा 16(1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय उपचर्या परिषद् एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, यथा –

1. लघु शीर्षक एवं प्रवर्तन

i. ये विनियम **भारतीय उपचर्या परिषद् {नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग (एनपीजीएन) – स्नातकोत्तर आवासीय कार्यक्रम} विनियम, 2023** कहे जाएंगे।

ii. ये विनियम भारत के राजपत्र में इनकी अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होंगे।

2. परिभाषाएं

इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

i. 'अधिनियम' का अभिप्राय समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद्, 1947 (1947 का XLVIII) से है;

ii. 'परिषद्' का अभिप्राय अधिनियम के तहत गठित भारतीय उपचर्या परिषद् से है;

iii. 'एसएनआरसी' का अभिप्राय संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किसी भी नाम से गठित राज्य उपचर्या एवं प्रसाविका पंजीकरण परिषद् से है;

iv. 'आरएन एंड आरएम' का अभिप्राय एक पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम) से है और एक ऐसे नर्स को दर्शाता है जिसने मान्यता प्राप्त नर्सिंग स्नातक (बी.एससी. नर्सिंग) या डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) पाठ्यक्रम, जैसा कि परिषद् द्वारा निर्धारित किया गया हो, सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो और किसी एक एसएनआरसी में पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका के रूप में पंजीकृत हो;

v. 'नर्स पंजीकरण एवं ट्रैकिंग प्रणाली (एनआरटीएस)' का अभिप्राय भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), भारत सरकार के सहयोग से विकसित सॉफ्टवेयर प्रणाली से है, जिसे भारतीय उपचर्या रजिस्टर के रखरखाव व संचालन के लिए एनआईसी द्वारा हॉस्ट किया गया है। इसमें पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम)/पंजीकृत सहायक नर्स मिडवाइफ (आरएएनएम)/पंजीकृत महिला स्वास्थ्य परिदर्शिका (आरएलएचवी) के आंकड़ों के संग्रह के लिए 'आधार' बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर आधारित मानकीकृत प्रारूप हैं;

vi. 'एनयूआईडी' का अभिप्राय एनआरटीएस प्रणाली द्वारा प्रत्याशी को दिया जाने वाला नर्सेज यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर से है;

vii. 'जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम)' का अभिप्राय परिषद् द्वारा अधिनियम की धारा 10 के तहत स्वीकृत तथा अधिनियम की अनुसूची के भाग–ट में शामिल डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी प्रशिक्षण से है।

नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग (एनपीजीएन) – स्नातकोत्तर आवासीय कार्यक्रम

I. परिचय एवं पृष्ठभूमि

डब्ल्यूएचओ के आधारभूत आंकड़ों (2022) के अनुसार विश्व में वयस्क लोगों की अनुमानित आयु में वृद्धि हुई है। वृद्ध लोगों की संख्या में यह वृद्धि रोग तथा विकलांगता के बोझ को बढ़ाती है, और स्वास्थ्य क्षेत्र के साथ–साथ सामाजिक एवं आर्थिक बुनियादी ढांचे के लिए भी एक जबरदस्त चुनौती पेश करती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2017), राष्ट्रीय जनसंख्या नीति (2015) और बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल राष्ट्रीय कार्यक्रम (2014) में बुजुर्गों के लिए गुणवत्तापरक तथा विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान की आवश्यकता पर बल दिया गया है। एनएचपी (2017) में सार्वजनिक एवं निजी, दोनों प्रकार के स्वास्थ्य क्षेत्रों में तृतीयक देखभाल सेवाओं के सार्थक विस्तार पर जोर दिया गया है। विशिष्ट व अति–विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं को संबल प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को क्षमता निर्माण में उन्नत शैक्षिक तैयारी की आवश्यकता होती है। नर्स प्रैक्टिशनर (एनपी) इस मांग को पूरा करने में सक्षम होंगे, बशर्ते वे अच्छी तरह से प्रशिक्षित हों और छिद्रान्वेषी सोच, निर्णय और कौशल के माध्यम से अभ्यास करने के लिए अधिकृत हों। कड़ी शैक्षिक तैयारी उन्हें जीर्ण एवं गंभीर रोगों से ग्रस्त बुजुर्ग रोगियों के स्वास्थ्य संवर्धन, स्वास्थ्य रखरखाव, स्वास्थ्य बहाली, पुनर्वास और उपशामक देखभाल का आंकलन करने और भाग लेने में सक्षम बनाएगी। एनपीजीएन की भूमिका वर्ष 1975 में संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित की गई थी, और फिर ऑस्ट्रेलिया, इजराइल, नॉर्वे और अन्य देशों में शुरु की गई।

परिषद ने परास्नातक स्तर पर नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग (एनपीजीएन) संवर्ग तैयार करने के लिए एक पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तावित की है। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह है कि यह एक नैदानिक आवासीय कार्यक्रम है जिसमें 15ः सैद्धांतिक निर्देश और 85ः व्यावहारिकता के साथ एक मजबूत नैदानिक घटक पर बल दिया गया है। इसका प्रमुख दृष्टिकोण योग्यता आधारित प्रशिक्षण है और एनपी शिक्षण इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज (आईसीएन, 2005) और एनओएनपीएफ कंपीटेंसीज (2017) से ली गई दक्षताओं पर आधारित है। एनपीजीएन शिक्षण व प्रशिक्षण एएसीएन, 2017 से ली गई दक्षताओं पर आधारित है। प्रत्येक पाठ्यक्रम दक्षताओं की उपलब्धि पर आधारित है। एनपीजीएन कार्यक्रम में विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रम शामिल हैं जो साक्ष्य आधारित अभ्यास और जटिल स्वास्थ्य प्रणालियों के प्रबंधन के साथ सुदृढ़ वैज्ञानिक नींव पर आधारित हैं। इन्हें बी.एससी. प्रशिक्षित नर्सों की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दक्षताओं के आधार पर तैयार किया गया है।

एनपीजीएन कार्यक्रम का उद्देश्य पंजीकृत बी.एससी. नर्सों को अस्पताल एवं सामुदायिक समायोजन में बुजुर्ग रोगियों को उन्नत नर्सिंग देखभाल प्रदान करने के लिए तैयार करना है। नर्सिंग देखभाल रोगियों को स्थिर करने, गंभीर जटिलताओं को कम करने और अधिकतम स्वास्थ्य बहाली पर केंद्रित है। एनपीजीएन के लिए अभ्यास समायोजन में अस्पताल के बाह्य रोगी क्लीनिक, आंतरिक रोगी सुविधा और दीर्घकालिक देखभाल सुविधा शामिल हैं और उनके द्वारा मुख्य रूप से प्राथमिक तथा माध्यमिक देखभाल पर ध्यान दिया जाता है। इन एनपी को तृतीयक देखभाल केंद्रों की बुजुर्ग देखभाल इकाइयों में भी कार्य करना आवश्यक है। एनपीजीएन बढ़ती उम्र के जीर्ण व गंभीर स्थितियों एवं वृद्धावस्था के लक्षणों का निदान, उपचार तथा प्रबंधन करने और चिकित्सा हस्तक्षेप या, कभी–कभी, उपशामक उपचार और मरणासन्न देखभाल प्रदान करने में समर्थ होंगे। उन्हें ऐसी सेवाएं प्रदान करने के लिए उन्नत

शिक्षा प्रदान की जाती है, जो बुजुर्गों को प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य मुद्दों के साथ–साथ परिणामी संज्ञानात्मक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक दुर्बलताओं का समाधान करती हैं।

कार्यक्रम के पूरा होने और संबंधित एसएनआरसी में पंजीकृत होने पर, उन्हें परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की लॉगबुक में सूचीबद्ध सभी दक्षताओं का अभ्यास करने और साथ ही संस्थागत प्रोटोकॉल/स्थायी आदेशों के अनुसार स्वतंत्र रूप से औषधि प्रबंधन तथा नैदानिक परीक्षण, प्रक्रिया, चिकित्सा उपकरण और उपचारों का आदेश देने के लिए अधिकृत किया जाता है। इस अधिकार का प्रयोग करते समय, एनपीजीएन निम्नलिखित दक्षताओं के लिए जवाबदेह होते हैं:

a) उम्र बढ़ने में वैज्ञानिक जानकारी और सैद्धांतिक मूल का उपयोग करना;
b) रोगी चयन/जेरिएट्रिक इकाई में भर्ती व छुट्टी;
c) यथोचित आंकलन द्वारा समस्या की पहचान;
d) औषधि या उपकरण या उपचार का चयन/प्रबंधन;
e) चिकित्साविधान उपयोग हेतु रोगी शिक्षा;
f) चिकित्साविधान में औषधि के दुष्प्रभाव की जानकारी;
g) परिणामों का आंकलन;
h) जटिलताओं तथा अनहोनी प्रतिक्रियाओं की पहचान व प्रबंधन;
i) जेरिएट्रिक नैदानिक अभ्यास में साक्ष्य–आधारित नवाचारों के लिए योगदान;
j) गंभीर तथा प्राथमिक देखभाल के संबंध में छात्र, नर्स व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को मार्गदर्शन, परामर्श, सलाह और शैक्षिक अनुभव प्रदान करना;
k) जेरिएट्रिक देखभाल संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रभावी भागीदारी।

एनपीजीएन, अपनी देखरेख में बुजुर्गों की समग्र देखभाल की जिम्मेदारी तथा जवाबदेही लेने के लिए तैयार और शिक्षित किए जाते हैं। इसने ''दक्षताओं'' के अंतर्गत ''अध्ययन डोमेन'' बनाए रखना आवश्यक बना दिया है। केंद्र और राज्य स्तर पर नए संवर्ग की स्थापना के साथ, एनपीजीएन बुजुर्ग रोगियों को जेरिएट्रिक वार्ड, बाह्य रोगी विभाग, जेरिएट्रिक डे–केयर सेवा, बुजुर्ग साइकाइट्री वार्ड, बुजुर्ग सामुदायिक और जेरिएट्रिक पुनर्वास वार्ड जैसे विभिन्न समायोजनों में लागत प्रभावी, सक्षम, सुरक्षित और गुणवत्ता संचालित विशेष नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में सक्षम होंगे।

उक्त स्नातकोत्तर डिग्री को एसएनआरसी द्वारा अतिरिक्त दक्षता के रूप में पंजीकृत किया जाएगा।

दर्शन

परिषद् का मानना है कि बुजुर्ग रोगियों और उनके परिवार को गुणवत्तापरक देखभाल प्रदान करने के लिए भारत में प्राथमिक तथा तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की चुनौतियों और मांगों को पूरा करने हेतु नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग (एनपीजीएन) नामक स्नातकोत्तर कार्यक्रम स्थापित करने की सख्त जरूरत है।

परिषद् का मानना है कि सुदृढ़ नैदानिक घटक और दक्षता–आधारित प्रशिक्षण पर केंद्रित एक आवासीय कार्यक्रम के स्नातकोत्तर को ठोस सैद्धांतिक और साक्ष्य–आधारित जानकारी के आधार पर नैदानिक क्षमता का प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। शिक्षण–अधिगम दृष्टिकोण को वयस्क शिक्षण सिद्धांतों, आचार संहिता, योग्यता–आधारित शिक्षा, सहयोगात्मक शिक्षा, चिकित्सा और नर्सिंग शिक्षकों के साथ प्रचलित नैदानिक शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षा और स्व–निर्देशित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शिक्षा प्रदाताओं/प्रीसेप्टर्स/मेंटर्स को अपने वर्तमान ज्ञान और अभ्यास को अद्यतन रखना चाहिए। प्रशिक्षण में प्रीसेप्टर्स के रूप में भाग लेने के लिए चिकित्सा संकाय को आमंत्रित किया जाता है।

परिषद् का यह भी मानना है कि योग्य जेरिएट्रिक नर्सिंग संकाय की कमी को दूर करने के लिए नैदानिक समायोजन में विभिन्न शैक्षणिक रणनीतियों का उपयोग किया जा सकता है। आशा की जाती है कि पंजीकरण/लाइसेंस की दिशा में नीतियां विकसित करना आसान बनाया जाएगा और नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग परास्नातकों के पदस्थापन हेतु प्राथमिक और गंभीर देखभाल केंद्रों में पदों का सृजन किया जाएगा।

परिषद् का मानना है कि मान्यताएं, नैतिकता तथा विश्वास और प्रेरणा रोगी एवं परिवार केंद्रित देखभाल, प्रक्रिया–उन्मुख देखभाल, स्व–देखभाल और साक्ष्य–आधारित अभ्यास का उपयोग करते हुए निरंतर व्यावसायिक विकास में दक्षता हासिल करेंगी जो गुणवत्तापरक परिणाम प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं।

एनपी पाठ्यक्रम के लिए एक शैक्षणिक रूपरेखा प्रस्तावित है (**चित्र–1** देखें)।



चित्र–1. नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग – एक शैक्षणिक पाठ्यचर्या की रूपरेखा

II. कार्यक्रम विवरण

यह कार्यक्रम जेरिएट्रिक नर्सिंग क्षेत्र में विशेषज्ञता और गहन समझ विकसित करने में छात्रों की सहायता के लिए तैयार किया गया है। यह छात्रों को जेरिएट्रिक नर्सिंग में उन्नत नर्सिंग कौशल विकसित करने में मदद करेगा।

एनपीजीएन कार्यक्रम एक नर्सिंग आवासीय कार्यक्रम है जिसमें मुख्यतः दक्षता आधारित प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाता है। पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्ष की है जिसमें सैद्धांतिक मूल पाठ्यक्रम, उन्नत अभ्यास पाठ्यक्रम और नैदानिक पाठ्यक्रम के अलावा नैदानिक अभ्यास शामिल हैं जो कि एक प्रमुख घटक है (**पाठ्यचर्या की रूपरेखा** देखें)।

III. लक्ष्य

एनपीजीएन कार्यक्रम, पंजीकृत बी.एससी. नर्सों को नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग के रूप में नैदानिक विशेषज्ञ, प्रबंधक, शिक्षक और सलाहकार जैसी उन्नत अभ्यास भूमिकाओं के लिए तैयार करता है, जो आगे चलकर एम.एससी. नर्सिंग (एनपी इन जेरिएट्रिक नर्सिंग) बनेंगे।

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक ऐसा नर्सिंग कर्मी संवर्ग तैयार करना है जो उम्र से संबंधित जैविक परिवर्तनों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

IV. उद्देश्य

कार्यक्रम के पूरा होने पर, एनपीजीएन निम्नलिखित में सक्षम हो जाएंगे –

1. बुजुर्ग रोगियों को सक्षम देखभाल व उचित पारिवारिक देखभाल प्रदान करने की जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व लेना;
2. जेरिएट्रिक देखभाल प्रदान करने में नैदानिक क्षमता / विशेषज्ञता का प्रदर्शन करना जिसमें आंकलन, नैदानिक तर्क, जटिल निगरानी और उपचार शामिल है;

3. जेरिएट्रिक देखभाल में उपचार/मध्यवर्तन को लागू करने में सैद्धांतिक, पैथोफिजियोलॉजिकल तथा फार्माकोलॉजिकल सिद्धांतों और साक्ष्य आधार को लागू करना;
4. रोगी के स्वास्थ्य को स्थिर एवं बहाल करने के लिए बुजुर्गों के गंभीर रोगों का आंकलन करना तथा उनके प्रबंधन में भाग लेना; और जेरिएट्रिक बहुविषयक दल के सदस्य के रूप में जटिलताओं को कम करना या प्रबंधित करना;
5. देखभाल की निरंतरता में, जेरिएट्रिक देखभाल दल में अन्य स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के साथ सहयोग करना।

V. नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग (एनपीजीएन) कार्यक्रम शुरु करने के लिए न्यूनतम आवश्यकताएं

संस्थान को एनपीजीएन कार्यक्रम और उसके छात्रों के प्रति जवाबदेही स्वीकार करनी होगी और परिषद् के मानकों के अनुरूप कार्यक्रम की पेशकश करनी होगी। इसे निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना होगाः

1. *अनिवार्यता प्रमाणपत्र*
   क. जो कोई भी संस्थान नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग कार्यक्रम शुरु करना चाहते हैं, उन्हें राज्य से अनिवार्यता प्रमाण पत्र/सरकारी आदेश लेना होगा।
   ख. निम्नलिखित संस्थानों को अनिवार्यता प्रमाण पत्र लेने से छूट दी गई हैः
      i. परिषद् द्वारा अधिनियम की धारा 13 और 14 के तहत उपयुक्त पाए गए तथा बी.एससी. नर्सिंग या एम.एससी. नर्सिंग कार्यक्रमों की पहले से ही पेशकश करने वाले संस्थान/विश्वविद्यालय;
      ii. एमबीबीएस/डीएनबी कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले संस्थान/विश्वविद्यालय।
2. *अस्पताल*
   क. संस्थान का कम से कम 200 शय्या वाला अपना मूल अस्पताल/तृतीयक देखभाल केंद्र होना चाहिए।
   ख. मूल अस्पताल अधिमानतः एक मेडिकल कॉलेज/नर्सिंग कॉलेज से संबद्ध होना चाहिए।
3. *शय्या*
   क. अस्पताल में ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोलॉजी, फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी विभाग, ऑप्थेल्मोलॉजी, स्त्री रोग चिकित्सा, दंत रोग चिकित्सा, रुमेटोलॉजी, साइकाइट्री, पुनर्वास एवं सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा जैसी सहायक सेवाओं के साथ कम से कम 30 शय्या वाला जेरिएट्रिक वार्ड होना चाहिए;
4. *वृद्धाश्रमों के साथ संबंद्धता*
   क. अस्पताल वृद्धाश्रम से संबद्ध हो सकता है।
5. *जेरिएट्रिक इकाई के लिए स्टाफ*
   क. प्रत्येक जेरिएट्रिक वार्ड में अधिमानतः बी.एससी. नर्सिंग या एम.एससी. नर्सिंग अर्हताधारक एक प्रभारी नर्स होना चाहिए;
   ख. परिषद् के मानदंडों के अनुसार नर्स रोगी अनुपात 1:4 होना चाहिए;
   ग. आरक्षित अवकाश के लिए 45: अतिरिक्त कर्मियों का प्रावधान होना चाहिए;
   घ. जेरिएट्रिक इकाई में एक जेरिएट्रिक फिजिशियन, सामाजिक कार्यकर्ता/परामर्शदाता, फिजियोथेरेपिस्ट और एक ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट होना चाहिए;
   ङ. चिकित्सक रोगी अनुपात 1:10 हो सकता है।
6. *संकाय/स्टाफ संसाधन*
   क. **नैदानिक क्षेत्रः**
      i. *नर्सिंग प्रीसेप्टरः* जेरिएट्रिक इकाई में 6 वर्ष अनुभव के साथ पूर्णकालिक जीएनएम अर्हताधारक, अधिमानतः
      2 वर्ष अनुभव के साथ जेरिएट्रिक नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा या बी.एससी नर्सिंग अर्हताधारक अथवा 1 वर्ष अनुभव के साथ एम.एससी. (मेडिकल–सर्जिकल नर्सिंग/सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग) अर्हताधारक;
      ii. *मेडिकल प्रीसेप्टरः* जेरिएट्रिक/जनरल मेडिसिन में एमडी;
      iii. *प्रीसेप्टर छात्र अनुपातः* नर्सिंग 1:10, मेडिकल 1:10 (प्रत्येक छात्र के लिए एक मेडिकल तथा एक नर्सिंग प्रीसेप्टर होना चाहिए)
   ख. **शिक्षण संकायः**
      i. *प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसरः* 1 {प्रशिक्षण अनुभवः पीजी–एम.एससी. (मेडिकल–सर्जिकल नर्सिंग/सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग) के बाद 5 वर्ष} – प्रत्येक 10 छात्रों के लिए एक संकाय;
      ii. *सहायक प्रोफेसरः* 1 (प्रशिक्षण अनुभवः बी.एससी. नर्सिंग के बाद 3 वर्ष)
   ग. जेरिएट्रिक इकाई में कार्यरत एम.एससी. नर्सिंग अर्हताधारक उपरोक्त संकाय दोहरी भूमिका निभाएंगे या एक सीनियर नर्स होंगे।

घ. **अतिथि प्राध्यापकः** फार्माकोलॉजी, पैथोफिजियोलॉजी, जेरिएट्रिक मेडिसिन, जनरल मेडिसिन व जनरल सर्जरी, कार्डियोलॉजी, आर्थोपेडिक्स, साइकाइट्री, कम्युनिटी मेडिसिन, फिजियोथेरेपी और ऑक्यूपेशनल थेरेपी।

7. अस्पताल/कॉलेज में भौतिक तथा अध्ययन संसाधन

क. नैदानिक क्षेत्र में एक अध्ययन कक्ष/कान्फ्रेंस कक्ष;

ख. सिम्युलेटेड अध्ययन के लिए कौशल प्रयोगशाला (अस्पताल/कॉलेज);

ग. ऑनलाइन जर्नल्स तक पहुंच के साथ पुस्तकालय और कंप्यूटर सुविधा;

घ. ई–लर्निक सुविधा।

8. तीस शय्या वाले जेरिएट्रिक वार्ड हेतु उपकरणों की सूची (**परिशिष्ट–1** देखें)

9. छात्र भर्ती/प्रवेश संबंधी आवश्यकताएं

क. आवेदक को पंजीकरण से पहले अधिमानतः किसी जनरल मेडिकल–सर्जिकल/जेरिएट्रिक देखभाल समायोजन में कम से कम 1–वर्ष नैदानिक अनुभव के साथ एक पंजीकृत बी.एससी. नर्सिंग/पी.बी.बी.एससी. नर्सिंग अर्हताधारक होना चाहिए;

ख. परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएससी नर्सिंग उत्तीर्ण की होनी चाहिए और संबंधित एसएनआरसी में पंजीकृत होना चाहिए;

ग. बी.एससी. नर्सिंग कार्यक्रम में कुल प्राप्तांक 55ः से कम नहीं होने चाहिए।

घ. चयन एक प्रवेश परीक्षा की उत्कृष्टता और सक्षम प्राधिकारी द्वारा आयोजित साक्षात्कार के आधार पर होना चाहिए।

ङ. शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

अभ्यर्थिओं की संख्याः 10 जेरिएट्रिक शय्या के लिए 1 अभ्यर्थी।

वेतनः 1. सेवारत अभ्यर्थियों को नियमित वेतन दिया जाएगा।

2. अन्य अभ्यर्थियों के लिए वजीफा/वेतन उस अस्पताल की वेतन संरचना के अनुसार दिया जाएगा जहां पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

VI. परीक्षा विनियम

परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता

उपस्थितिः विश्वविद्यालय की अंतिम परीक्षा में बैठने से पहले सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक के लिए न्यूनतम 80ः, लेकिन डिग्री प्रदान करने से पहले व्यावहारिक में 100ः उपस्थिति पूरा करना अनिवार्य है।

आंतरिक आंकलन अंकों के लिए कोई न्यूनतम सीमा नहीं है, क्योंकि उत्तीर्ण घोषित करने के लिए आंतरिक और बाह्य अंक एक साथ जोड़े जाते हैं।

परीक्षा संचालन एवं डिग्री प्रदाता प्राधिकरणः संबंधित विश्वविद्यालय।

परिणामों का वर्गीकरण

यदि प्राप्तांक 60ः और उससे अधिक हैं तो अभ्यर्थी को परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाता है। ये प्राप्तांक प्रत्येक पाठ्यक्रम/विषय में सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक की आंतरिक एवं बाह्य विश्वविद्यालयी दोनों परीक्षाओं का कुल योग हैं और 60ः से कम अनुत्तीर्ण होंगे।

श्रेणी (रेंक) की गणना के लिए, दोनों वर्ष के कुल अंकों पर विचार किया जाएगा।

यदि कोई अभ्यर्थी सैद्धांतिक अथवा व्यावहारिक में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे वह प्रश्न–पत्र फिर से देना होगा जिसमें वह अनुत्तीर्ण हुआ है।

किसी भी विषय में अनुत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थी की श्रेणी (रेंक) घोषित नहीं की जाएगी।

कार्यक्रम को पूरा करने की अधिकतम अवधि 4 वर्ष होगी।

व्यावहारिक परीक्षा

ओएससीई परीक्षा के साथ–साथ मौखिक परीक्षा ली जाएगी – **परिशिष्ट–2** में दिए गए **ओएससीई दिशानिर्देश** देखें।

प्रति दिन छात्रों की अधिकतम संख्या – 10 छात्र।

परीक्षा नैदानिक क्षेत्र में ही आयोजित की जानी चाहिए।

व्यावहारिक परीक्षक दल में एक आंतरिक परीक्षक {(एनपीजीएन कार्यक्रम पढ़ाने में दो वर्ष अनुभव के साथ एम. एससी. नर्सिंग संकाय/5 वर्ष स्नातकोत्तर अनुभव के साथ एम.एससी. नर्सिंग संकाय (अधिमानतः मेडिकल–सर्जिकल नर्सिंग)}, एक बाह्य परीक्षक (उपरोक्त के समान) और एक मेडिकल आंतरिक परीक्षक, जिसने एनपीजीएन कार्यक्रम के लिए प्रीसेप्टर के रूप में कार्य किया हो, शामिल होंगे।

शोध निबंध

शोध गाइडः मुख्य गाइड – स्नातकोत्तर के उपरांत एनपी कार्यक्रम में 3 वर्ष पढ़ाने का अनुभव वाला नर्सिंग संकाय, सह–गाइडः मेडिकल प्रीसेप्टर।

शोध प्रस्ताव की प्रस्तुतिः प्रथम वर्ष में प्रवेश की तिथि के 6–9 माह उपरांत।

गाइड छात्र अनुपातः 1:5

शोध समितिः कॉलेज/अस्पताल में शोध की प्रगति का मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण करने के लिए प्रधानाचार्य या सीएनओ, जो एम.एससी. नर्सिंग अहर्ताधारक होना चाहिए, के साथ न्यूनतम 5 सदस्य वाली एक अलग शोध समिति होगी।

नैतिक मंजूरी संस्थागत समीक्षा बोर्ड/अस्पताल आचार समिति द्वारा प्राप्त की जानी चाहिए, क्योंकि इसमें नैदानिक शोध शामिल है।

विषय का चयनः विषय जेरिएट्रिक नर्सिंग से प्रासंगिक होना चाहिए जो नर्सिंग मध्यवर्तन में जानकारी या साक्ष्य जोड़े। शोध किसी भी जेरिएट्रिक देखभाल समायोजन में आयोजित किया जाना चाहिए।

डेटा संग्रहणः डेटा संग्रहण के लिए 7 सप्ताह आवंटित किए जाते हैं, जिसे पहले वर्ष में 6 माह के बाद और दूसरे वर्ष में 6 माह से पहले नैदानिक अनुभव के दौरान एकीकृत किया जा सकता है।

शोध रिपोर्ट लेखनः दूसरे वर्ष के 6–9 माह में।

अंतिम शोध निबंध की प्रस्तुतिः दूसरे वर्ष के पूरा होने से 3 माह पहले।

शोध निबंध परीक्षा

आंतरिक आंकलनः मौखिक और शोध निबंध रिपोर्ट = 50 अंक।

विश्वविद्यालयी परीक्षाः मौखिक और शोध निबंध रिपोर्ट = 50 अंक।

(आंकलन हेतु अन्य एम.एससी. नर्सिंग विशिष्टताओं के लिए उपयोग में लाए जाने वाले अंक दिशानिर्देशों का उपयोग किया जा सकता है।)

VII. आंकलन (रचनात्मक और योगात्मक)

- प्रश्न पत्र, प्रश्नोत्तरी, सेमिनार
- लिखित कार्य/आवधिक प्रश्न पत्र
- मामला/नैदानिक प्रस्तुति
- नैदानिक या देखभाल पथ/मामले की अध्ययन रिपोर्ट
- नैदानिक प्रदर्शन आंकलन
- वस्तुनिष्ठ संरचित नैदानिक परीक्षा (ओएससीई)
- अंतिम परीक्षा

(**आंकलन दिशानिर्देशों** के लिए **परिशिष्ट–2** देखें)

अंतिम परीक्षा योजना

क्र. सं.	शीर्षक	सैद्धांतिक :			व्यावहारिक :		
		घंटे	आंतरिक	बाह्य	घंटे	आंतरिक	बाह्य
	प्रथम वर्ष						
1	**मूल पाठ्यक्रम** उन्नत नर्सिंग अभ्यास के लिए सैद्धांतिक आधार	2 घंटे	50				
2	जेरिएट्रिक देखभाल में शोध अनुप्रयोग तथा साक्ष्य आधारित अभ्यास	3 घंटे	30	70			
3	नेतृत्व, प्रबंधन तथा शिक्षण में उन्नत कौशल	3 घंटे	30	70			
4	**उन्नत अभ्यास पाठ्यक्रम** जेरिएट्रिक नर्सिंग में लागू उन्नत पैथोफिजियोलॉजी और उन्नत फार्माकोलॉजी	3 घंटे	30	70			
5	उन्नत स्वास्थ्य/शारीरिक आंकलन	3 घंटे	30	70		50	50

द्वितीय वर्ष							
1	**विशिष्ट पाठ्यक्रम** जेरिएट्रिक नर्सिंग अभ्यास के मूल	3 घंटे	30	70		100	100
2	जेरिएट्रिक नर्सिंग . I	3 घंटे	30	70		100	100
3	जेरिएट्रिक नर्सिंग . II	3 घंटे	30	70		100	100
4	शोध निबंध और मौखिक					50	50

VIII. पाठ्यक्रम अनुदेश

क्र. सं.	**शीर्षक**	**सैद्धांतिक (घंटे)**	**प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला (घंटे)**	**नैदानिक (घंटे)**
प्रथम वर्ष				
I	**मूल पाठ्यक्रम** उन्नत नर्सिंग अभ्यास के लिए सैद्धांतिक आधार	40		
II	जेरिएट्रिक नर्सिंग में शोध अनुप्रयोग तथा साक्ष्य आधारित अभ्यास	56	24	**336** (7 सप्ताह)
III	नेतृत्व, प्रबंधन तथा शिक्षण में उन्नत कौशल	56	24	**192** (4 सप्ताह)
IV	**उन्नत अभ्यास पाठ्यक्रम** जेरिएट्रिक नर्सिंग में लागू उन्नत पैथोफिजियोलॉजी	60		**336** (7 सप्ताह)
V	जेरिएट्रिक नर्सिंग में लागू उन्नत फार्माकोलॉजी	54		**336** (7 सप्ताह)
VI	उन्नत स्वास्थ्य/शारीरिक आंकलन	70	48	**576** (12 सप्ताह)
कुल योग = 2208 घंटे		**336** (7 सप्ताह)	**96** (2 सप्ताह)	**1776** (37 सप्ताह)
द्वितीय वर्ष				
VII	**विशिष्ट पाठ्यक्रम** जेरिएट्रिक नर्सिंग अभ्यास के मूल	96	48	**576** (12 सप्ताह)
VIII	जेरिएट्रिक नर्सिंग - I	96	48	**576** (12 सप्ताह)
IX	जेरिएट्रिक नर्सिंग - II	96	48	**624** (13 सप्ताह)
कुल योग = 2208 घंटे		**288** (6 सप्ताह)	**144** (3 सप्ताह)	**1776** (37 सप्ताह)

एक वर्ष में उपलब्ध सप्ताहों की संख्या = 52 – 6 (वार्षिक अवकाश, आकस्मिक अवकाश, रुग्णतावकाश = 6 सप्ताह) = 46 सप्ताह × 48 घंटे = 2208 घंटे

दो वर्ष = 4416 घंटे (परीक्षा नैदानिक पदस्थापन के दौरान)

निर्देशात्मक घंटेः सैद्धांतिक = 624 घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 240 घंटे, नैदानिक = 3552 घंटे, कुल योग = 4416 घंटे

प्रथम वर्षः 336–96–1776 घंटे (सैद्धांतिक–कौशल प्रयोगशाला–नैदानिक) {सैद्धांतिक = 15:, व्यावहारिक (कौशल प्रयोगशाला एवं नैदानिक) = 85:}

द्वितीय वर्षः 288–144–1776 घंटे (सैद्धांतिक–कौशल प्रयोगशाला–नैदानिक) {सैद्धांतिक = 15:, व्यावहारिक (कौशल प्रयोगशाला एवं नैदानिक) = 85:}

प्रथम वर्ष = 46 सप्ताह/2208 घंटे (46 × 48 घंटे) (सैद्धांतिक + प्रयोगशालाः 44 सप्ताह के लिए 7.5 घंटे प्रति सप्ताह = 330/336 + 96 घंटे')

'सैद्धांतिक + प्रयोगशाला = 96 घंटे 2 सप्ताह में परिचयात्मक ब्लॉक कक्षा व कार्यशाला के रूप में दिए जा सकते हैं
द्वितीय वर्ष = 46 सप्ताह/2208 घंटे (46 × 48 घंटे) (सैद्धांतिक + प्रयोगशाला: 45 सप्ताह के लिए 8.5 घंटे प्रति सप्ताह = 384 + 48 घंटे)
(1 सप्ताह ब्लॉक कक्षाएं = 48 घंटे)

नैदानिक अभ्यास

क. नैदानिक आवासीय अनुभव: न्यूनतम 48 घंटे प्रति सप्ताह निर्धारित हैं, हालांकि, यह अलग–अलग पारियों और ऑन कॉल ड्यूटी करने के बाद छुट्टी के आधार पर परिवर्तनशील है।

ख. सप्ताह में एक दिन की छुट्टी के साथ 8 घंटे की ड्यूटी और प्रति सप्ताह एक ऑन कॉल ड्यूटी।

नैदानिक पदस्थापन

प्रथम वर्ष: 44 सप्ताह (परिचयात्मक ब्लॉक कक्षा व कार्यशाला के 2 सप्ताह छोड़कर)

जेरिएट्रिक वार्ड	– 12 सप्ताह
जनरल मेडिकल वार्ड	– 6 सप्ताह
जनरल सर्जिकल वार्ड	– 2 सप्ताह
आर्थोपेडिक वार्ड	– 4 सप्ताह
ऑप्थेल्मोलॉजी वार्ड	– 1 सप्ताह
न्यूरोलॉजी वार्ड तथा ओपीडी	– 3 सप्ताह
साइकाइट्रिक वार्ड	– 3 सप्ताह
सामुदायिक पृष्ठभूमि अभ्यास क्षेत्र	– 3 सप्ताह
आपातकालीन विभाग	– 1 सप्ताह

बाह्य रोगी विभाग

जेरिएट्रिक ओपीडी	– 4 सप्ताह
साइकाइट्रिक ओपीडी	– 1 सप्ताह
एंडोक्राइन ओपीडी	– 2 सप्ताह
फिजियोथेरेपी तथा ऑक्यूपेशनल थेरेपी	– 2 सप्ताह

द्वितीय वर्ष: 45 सप्ताह (ब्लॉक कक्षा का एक सप्ताह छोड़कर)

जेरिएट्रिक वार्ड	– 12 सप्ताह
मेडिकल आईसीयू	– 3 सप्ताह
सर्जिकल आईसीयू	– 3 सप्ताह
पुनर्वास इकाई	– 5 सप्ताह
पेलिएटिव तथा हॉस्पाइस सेंटर	– 4 सप्ताह
वृद्धाश्रम	– 4 सप्ताह
हेमेटोलॉजी तथा ऑन्कोलॉजी वार्ड	– 1 सप्ताह
यूरोलॉजी वार्ड	– 1 सप्ताह
साइकोजेरियाट्रिक वार्ड/डिमेंशिया	– 2 सप्ताह
सामुदायिक पृष्ठभूमि अभ्यास क्षेत्र	– 3 सप्ताह
आपातकालीन विभाग	– 1 सप्ताह

बाह्य रोगी विभाग

जेरिएट्रिक ओपीडी तथा डिमेंशिया क्लिनिक	– 2 सप्ताह
गायनी ऑन्कोलॉजी ओपीडी	– 1 सप्ताह
जेरिएट्रिक डे केयर केंद्र	– 1 सप्ताह
पोडियाट्रिक ओपीडी	– 1 सप्ताह
क्षेत्रीय दौरे	– 1 सप्ताह

हॉस्पाइस देखभाल
प्रशामक देखभाल इकाई
वृद्धाश्रम

ग. शिक्षण पद्धतियां: सैद्धांतिक, प्रयोगशाला और नैदानिक शिक्षण निम्नलिखित तरीकों से किया जा सकता है और नैदानिक पदस्थापन के दौरान एकीकृत किया जा सकता है –

- व्यावहारिक अध्ययन

- चिंतनशील अध्ययन
- अनुकरण
- नैदानिक सेमिनार
- नैदानिक कान्फ्रेंस
- मामला/नैदानिक प्रस्तुति
- गहन औषधीय अध्ययन, प्रस्तुति तथा रिपोर्ट
- नर्सिंग राउंड्स
- जर्नल क्लब
- मामले का अध्ययन
- उन्नत स्वास्थ्य आंकलन
- संकाय व्याख्यान
- निर्देशित पठन
- निहित कार्य
- कार्यशाला

घ. **प्रक्रियाएं/लॉग बुकः** प्रत्येक नैदानिक पदस्थापन के अंत में, नैदानिक लॉग बुक (विशिष्ट प्रक्रियात्मक दक्षताएं/नैदानिक कौशल) **(परिशिष्ट–3)** और नैदानिक आवश्यकताएं **(परिशिष्ट–4)** पर प्रीसेप्टर/संकाय द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

ङ. नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक केयर कंपीटेंसीज (एएसीएन, 2017 से अनुकूलित)

नर्स प्रैक्टिशनर इन जेरिएट्रिक नर्सिंग (एनपीजीएन)

1. बुजुर्ग लोगों के बारे में जानकारी विकसित करने और बेहतर देखभाल में योगदान देता है।
2. प्रासंगिक केंद्रित इतिवृत्त प्राप्त करने की क्षमता विकसित करता है।
3. बुजुर्गों के उपचार तथा निवारक रणनीतियों के लिए उचित निदान, मूल्यांकन और उपचार निर्धारण करने की क्षमता प्रदर्शित करता है।
4. रोगियों में परसंक्रमण जोखिम के साथ–साथ संक्रमण को प्रबंधित/नियंत्रित करने की क्षमता विकसित करता है।
5. रोगी देखभाल की गुणवत्ता तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दलों के साथ प्रभावी ढंग से कार्य करता है।
6. व्यापक जेरिएट्रिक आंकलन करने की क्षमता प्रदर्शित करता है।
7. बुजुर्गों की पोषण स्थिति का आंकलन करने की क्षमता और उचित पोषण आलंबन रणनीति प्रदर्शित करता है।
8. गंभीर जेरिएट्रिक देखभाल में एनपी की वर्तमान व उभरती भूमिका का वर्णन करता है।
9. जेरिएट्रिक लोगों की देखभाल के बारे में छात्र, नर्स तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को मार्गदर्शन, परामर्श, सलाह और शैक्षिक अनुभव प्रदान करता है।
10. किशोर, नवयुवक, वयस्क और बुजुर्गों को देखभाल प्रदान करने के लिए आवश्यक अत्यधिक पेचीदा समन्वय और योजना की सुविधा हेतु नेतृत्व प्रदान करता है।
11. गंभीर, नाजुक तथा पेचीदा जीर्ण रोगों से ग्रस्त बुजुर्गों के लिए सुरक्षा और जोखिम में कमी को बढ़ावा देने के लिए साक्ष्य–आधारित अभ्यास मध्यवर्तन लागू करता है।
12. स्व–अभ्यास में निरंतर गुणवत्ता सुधार प्रदर्शित करता है।
13. देखभाल वितरण तथा समन्वय में सुधार के लक्ष्य के साथ तकनीकी एवं सूचना प्रणालियों की ताकत और बाधाओं का विश्लेषण करता है।
14. बुजुर्गों के स्वास्थ्य देखभाल में नैतिक और कानूनी मानकों को लागू करता है।
15. बुजुर्गों के सामान्य रोगों की पैथोफिजियोलॉजी की महत्वपूर्ण अवधारणाओं को अभिनिर्धारित करता है।
16. प्रभावी देखभाल प्रदान करता है और जेरिएट्रिक देखभाल में नैदानिक कौशल में उत्कृष्ट बनता है।

च. संस्थागत प्रोटोकॉल/स्थायी आदेश के आधार पर औषधि देना और जांच व उपचार के लिए आदेश देना

छात्रों को संस्थागत प्रोटोकॉल/स्थायी आदेशों के अनुसार स्वतंत्र रूप से औषधि देने और नैदानिक परीक्षण, प्रक्रिया, चिकित्सा उपकरण व उपचारों का आदेश देने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा **(परिशिष्ट–5: स्थायी आदेश)**। आपातकालीन औषधियां संबंधित चिकित्सक के परामर्श से दी जाती हैं और बाद में लिखित आदेश द्वारा समर्थित की जाती हैं।

पाठ्यचर्या का कार्यान्वयन – संभावित योजना

प्रथम वर्षीय पाठ्यक्रम	**परिचयात्मक कक्षाएं**	**कार्यशाला**	**नैदानिक अभ्यास में एकीकृत सिद्धांत**	**शिक्षण पद्धतियां** (विषय निर्दिष्ट किया जा सकता है)
1. उन्नत नर्सिंग अभ्यास के लिए सैद्धांतिक आधार (40)	8 घंटे		1 × 32 = 32 घंटे	• सेमिनार / सैद्धांतिक अनुप्रयोग • व्याख्यान (संकाय)
2. जेरिएट्रिक देखभाल में शोध अनुप्रयोग तथा साक्ष्य आधारित अभ्यास (56 + 24)	8 घंटे	40 (5 दिन) + 8 घंटे	1 × 24 = 24 घंटे	• शोध अध्ययन विश्लेषण • अभ्यास / निहित कार्य (प्रयोगशाला)
3. नेतृत्व, प्रबंधन तथा शिक्षण में उन्नत कौशल (56 + 24)	12 + 2 घंटे		1 × 26 = 26 घंटे 2.5 × 16 = 40 घंटे	• नैदानिक कान्फ्रेंस • सेमिनार • अभ्यास / निहित कार्य (प्रयोगशाला)
4. जेरिएट्रिक नर्सिंग में लागू उन्नत पैथोफिजियोलॉजी (60)			1.5 × 40 = 60 घंटे	• मामले की प्रस्तुति • सेमिनार • नैदानिक कान्फ्रेंस
5. जेरिएट्रिक नर्सिंग में लागू उन्नत फार्माकोलॉजी (54)	10 घंटे		1 × 44 = 44 घंटे	• नर्सिंग राउंड्स • औषधि अध्ययन प्रस्तुति • स्थायी आदेश / प्रस्तुति
6. उन्नत स्वास्थ्य / शारीरिक आंकलन (70 + 48)	8 घंटे		2 × 26 = 52 घंटे 1.5 × 18 = 27 घंटे 1 × 15 = 15 घंटे 2 × 6 = 12 घंटे 2 × 2 = 4 घंटे	• नैदानिक प्रदर्शन (संकाय) • वापसी प्रदर्शन • नर्सिंग राउंड्स • शारीरिक आंकलन (सभी प्रणालियां) • मामले का अध्ययन
कुल योग	**48 घंटे**	**48 घंटे**	**336 घंटे**	

प्रथम वर्ष – परिचयात्मक कक्षाएं = 1 सप्ताह (48 घंटे), कार्यशाला = 1 सप्ताह (48 घंटे), 44 सप्ताह = 7.5 घंटे प्रति सप्ताह (330 / 336 घंटे)

द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम 1 सप्ताह ब्लॉक कक्षाएं (48 घंटे)	**नैदानिक अभ्यास में एकीकृत सिद्धांत**	**शिक्षण पद्धतियां**
1. जेरिएट्रिक नर्सिंग अभ्यास के मूल (96 + 48 घंटे) = 144 घंटे	9 घंटे × 11 सप्ताह = 99 घंटे	• प्रदर्शन (प्रयोगशाला) • वापसी प्रदर्शन (प्रयोगशाला) • नैदानिक प्रशिक्षण • मामले का अध्ययन • सेमिनार • नैदानिक कान्फ्रेंस • संकाय व्याख्यान
2. जेरिएट्रिक नर्सिंग . ५ (96 + 48 घंटे) = 144 घंटे	9 घंटे × 16 सप्ताह = 144 घंटे	• प्रदर्शन (प्रयोगशाला) • वापसी प्रदर्शन (प्रयोगशाला) • नैदानिक कान्फ्रेंस / जर्नल क्लब • सेमिनार • मामले की प्रस्तुति • औषधि अध्ययन (औषधीय पारस्परिक प्रभाव सहित)

द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम 1 सप्ताह ब्लॉक कक्षाएं (48 घंटे)	नैदानिक अभ्यास में एकीकृत सिद्धांत	शिक्षण पद्धतियां
		• नर्सिंग राउंड्स • संकाय व्याख्यान
3. जेरिएट्रिक नर्सिंग दृ प्प (96 + 48 घंटे) = 144 घंटे	9 घंटे × 16 सप्ताह = 144 घंटे	• प्रदर्शन (प्रयोगशाला) • वापसी प्रदर्शन • नर्सिंग राउंड्स • नैदानिक कान्फ्रेंस / जर्नल क्लब • सेमिनार • संकाय व्याख्यान

द्वितीय वर्षः ब्लॉक कक्षाएं – 1 सप्ताह, 45 सप्ताह – 8.5 / 9 घंटे प्रति सप्ताह (382.5 / 284 घंटे)

प्रत्येक शिक्षण पद्धति हेतु विषय को संबंधित शिक्षक / संस्थान द्वारा विस्तृत योजना में निर्दिष्ट किया जाएगा।

मूल पाठ्यक्रम

I. उन्नत नर्सिंग अभ्यास के लिए सैद्धांतिक आधार

दक्षताएं

1. वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रवृत्तियों और चुनौतियों का विश्लेषण करता है।
2. भारत में स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा नीतियों के नर्सिंग पर प्रभाव का विश्लेषण करता है।
3. भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली और इसकी चुनौतियों की गहन समझ विकसित करता है।
4. जेरिएट्रिक देखभाल सेवाओं के वितरण के लिए प्रासंगिक आर्थिक सिद्धांतों को लागू करता है।
5. लागत, गुणवत्ता और संतुष्टि जैसे स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करने के लिए स्वास्थ्य जानकारी का प्रबंधन और रूपांतर करता है।
6. नर्स प्रैक्टिशनर की भूमिकाओं और दक्षताओं का अभ्यास करने में जवाबदेही तथा जिम्मेदारी स्वीकार करता है।
7. जेरिएट्रिक देखभाल में स्वास्थ्य देखभाल दल के सभी सदस्यों को शामिल करते हुए सहयोगी अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग लेता है और अभ्यास के अधिकृत दायरे के भीतर भूमिका निभाता है।
8. विधिक, नैतिक और उन्नत नर्सिंग अभ्यास के नियमन की अच्छी जानकारी के साथ नैतिक अभ्यास में संलग्न होता है।
9. सुनियोजित प्रीसेप्टरशिप के माध्यम से प्रदान किए गए प्रशिक्षण के अवसरों का उपयोग करता है और नर्सिंग प्रक्रिया/ देखभाल पथ या नैदानिक पथ को लागू करते हुए सुरक्षित और सक्षम देखभाल करता है।
10. बुजुर्ग रोगियों को सक्षम देखभाल प्रदान करने में नर्सिंग सिद्धांतों की जानकारी को लागू करता है।
11. विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल समायोजनों में नर्स प्रैक्टिशनर की भूमिकाओं में आगामी चुनौतियों का पूर्वानुमान लगाता है।

निर्देशन अवधिः सैद्धांतिकः 40 घंटे

क्र. सं.	विषय	घंटे
1.	वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियां और रुझान (दक्षता–1)	2
2.	भारत में स्वास्थ्य प्रणालीः भारत में स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली – बदलते परिदृश्य (दक्षता–3)	2
3.	राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना – पंचवर्षीय योजनाएं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (दक्षता–2)	2
4.	स्वास्थ्य अर्थशास्त्र और स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण (दक्षता–4)	4
5.	नर्सिंग सूचना विज्ञान के साथ स्वास्थ्य सूचना प्रणाली (कंप्यूटर का उपयोग) (दक्षता–5)	4
	उन्नत नर्सिंग अभ्यास (एएनपी)	
6.	एएनपी – परिभाषा, दायरा, दर्शन, जवाबदेही, भूमिका और जिम्मेदारियां (सहयोगी अभ्यास और नर्स की निर्धारण भूमिकाएं) (दक्षता–6 व 7)	3
7.	विनियमन (प्रशिक्षण संस्थानों की मान्यता तथा प्रमाणन) और उन्नत नर्सिंग अभ्यास भूमिका के नैतिक आयाम (दक्षता–8)	3

क्र. सं.	विषय	घंटे
8.	नर्स प्रैक्टिशनर – भूमिका, प्रकार, दक्षता, अभ्यास के लिए नैदानिक समायोजन, सांस्कृतिक क्षमता (दक्षता–6)	3
9.	एनपी के लिए प्रशिक्षण – प्रीसेप्टरशिप (दक्षता–9)	2
10.	एनपी अभ्यास की भविष्य की चुनौतियां (दक्षता–11)	4
11.	एपीएन पर लागू नर्सिंग के सिद्धांत (दक्षता–10)	3
12.	एपीएन पर लागू नर्सिंग प्रक्रिया/देखभाल पथ (दक्षता–9)	2
	स्व–अध्ययन कार्य	6
1.	स्वास्थ्य देखभाल एवं शिक्षा नीतियों की पहचान करना और नर्सिंग पर इसके प्रभाव का विश्लेषण करना	
2.	भारत में एनपी अभ्यास के लिए कानूनी स्थिति की व्याख्या करना। भारत में नर्स निर्धारण नीतियों का अन्य देशों में इन नीतियों की प्रासंगिकता के साथ क्या भविष्य है?	
3.	प्राथमिक तथा गंभीर जेरिएट्रिक इकाइयों में पाए जाने वाले एनपी अभ्यास से संबंधित नर्सिंग प्रोटोकॉल की जांच करना	
	कुल योग	**40 घंटे**

संदर्भ ग्रंथ सूची

- एएसीएन (2021). द एसंसियल्सः कोर कंपीटेंसीज फॉर प्रोफेशनल नर्सिंग एडूकेशन – एंट्री लेवल एंड एडवांस्ड लेवल नर्सिंग एडूकेशन, अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ़ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग।
- डि निस्को व बार्कर्स ए.एम. (2015). एडवांस्ड प्रैक्टिस नर्सिंगः एसेंसियल नोलेज फॉर द प्रोफेशन (तीसरा संस्करण), मैसाचुसेट्सः जोंस एंड बार्टलेट पब्लिशर्स इंक।
- आईसीएन (2020). गाइडलाइंस ऑन एडवांस्ड प्रैक्टिस नर्सिंग, जिनेवाः आईसीएन।
- एनओएनपीएफ (2022). नर्स प्रैक्टिशनर रोल कंपीटेंसीज, नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ नर्स प्रैक्टिशनर फैकल्टीज।
- स्कोबर एम. व अफारा एफ.ए. (2006). एडवांस्ड नर्सिंग प्रैक्टिस, ऑक्सफोर्डः ब्लैकवेल पब्लिशिंग।
- स्टीवर्ट जी.जे. व डेनिस्को एस.एम. (2015). रोल डेवलपमेंट फॉर द नर्स प्रैक्टिशनर, यूएसएः स्प्रिंगर पब्लिशिंग कंपनी।

II. जेरिएट्रिक देखभाल में शोध अनुप्रयोग तथा साक्ष्य आधारित अभ्यास

दक्षताएं

1. जेरिएट्रिक देखभाल समायोजन में स्वतंत्र शोध करने में गहन शोध संबंधी जानकारी और कौशल को लागू करता है।
2. रोगी देखभाल गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सहयोगी शोध में भाग लेता है।
3. ईबीपी प्रस्तुति के लिए शोध निष्कर्षों की व्याख्या और उपयोग करता है।
4. सर्वोत्तम अभ्यास विकसित करने और स्वास्थ्य परिणामों तथा गुणवत्ता देखभाल के लिए वर्तमान अभ्यास का परीक्षण/ आंकलन करता है।
5. सुरक्षा और देखभाल की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए जेरिएट्रिक नर्सिंग अभ्यास में किए गए नर्सिंग मध्यवर्तन के साक्ष्य का विश्लेषण करता है।
6. वैज्ञानिक शोध रिपोर्ट लेखन में कौशल विकसित करता है।

निर्देशन अवधिः सैद्धांतिकः 56 + प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशालाः 24 = 80 घंटे

क्र. सं.	विषय	घंटे
1.	शोध और उन्नत नर्सिंग अभ्यासः उन्नत नर्सिंग भूमिका से संबंधित शोध और पूछताछ का महत्व (दक्षता–1)	2
2.	एपीएन अभ्यास के लिए शोध एजेंडाः सर्वोत्तम अभ्यास विकसित करने के लिए वर्तमान अभ्यास का परीक्षण, स्वास्थ्य परिणाम और उन्नत अभ्यास में गुणवत्तापरक देखभाल के संकेतक (दक्षता–3, 4, 5), शोध संस्कृति को बढ़ावा देना	5

क्र. सं.	विषय	घंटे
3.	शोध संबंधी जानकारी तथा कौशलः एपीएन के लिए आवश्यक शोध दक्षताएं (शोध की व्याख्या और उपयोग, अभ्यास का आंकलन, सहयोगी शोध में भागीदारी) साक्ष्य आधारित अभ्यास (ईबीपी) परियोजना का परिचय – च्ब्ल्ज प्रश्न, योजना के चरण, कार्यान्वयन, मूल्यांकन और विस्तार (परियोजना प्रस्ताव और परियोजना रिपोर्ट) **शोध क्रियाविधि** चरण / सोपान (शोध प्रश्न, साहित्यिक समीक्षा, वैचारिक संरचना, शोध डिजाइन, नमूनाकरण, डेटा संग्रहण, पद्धतियां तथा उपकरण, विश्लेषण और रिपोर्टिंग) शोध प्रस्ताव और शोध रिपोर्ट लेखन (दक्षता–1, 2)	40 (5 दिवसीय कार्यशाला)
4.	प्रकाशन के लिए लेखन (लेखन कार्यशाला – पाण्डुलिपि तैयार करना और वित्त पोषण के स्रोत ढूंढना) (दक्षता–6)	5 (कार्यशाला)
5.	साक्ष्य आधारित अभ्यास – अवधारणा, सिद्धांत, महत्व और चरण – कार्य परिवेश में ईबीपी को एकीकृत करना – ईबीपी को लागू करने में बाधाएं – ईबीपी को बढ़ावा देने की रणनीतियां (दक्षता–3, 4, 5)	4
	कुल योग	**56 घंटे**

व्यावहारिक / प्रयोगशाला और निहित कार्यः 24 घंटे

- शोध प्राथमिकताओं की पहचान करना
- शोध प्रश्न, उद्देश्य और परिकल्पना पर अभ्यास लेखन
- शोध प्रस्ताव / ईबीपी परियोजना प्रस्ताव लेखन
- वैज्ञानिक पत्र लेखन – प्रकाशन के लिए पांडुलिपि तैयार करना
- व्यवस्थित समीक्षा / साहित्यिक समीक्षा लेखन – जेरिएट्रिक नर्सिंग में दिए गए नर्सिंग मध्यवर्तन के साक्ष्य का विश्लेषण करना

व्यावहारिक

- व्यावहारिक शोधः शोध निबंध (336 घंटे = 7 सप्ताह) / साक्ष्य आधारित अभ्यास परियोजना (ईबीपी परियोजना)

संदर्भ ग्रंथ सूची

- ग्रे जे. व ग्रोव एस.के. (2020). बर्न्स एंड ग्रोव्स, द प्रैक्टिस ऑफ नर्सिंग रिसर्चः अप्राइजल, सिंथेसिस एंड जनरेशन ऑफ एवीडेंस (9वां संस्करण), सेंट लुइसः एल्सेवियर सॉन्डर्स।
- पोलित डी.एफ. व बेक सी.टी. (2018). नर्सिंग रिसर्चः जेनेरेटिंग एंड एसेसिंग एविडेंस फॉर नर्सिंग प्रैक्टिस (11वां संस्करण), नई दिल्लीः वॉल्टर्स क्लूवर।
- श्मिट एन.ए. व ब्राउन जे.एम. (2009). एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिस फॉर नर्सेस अप्राइजल एंड एप्लिकेशन ऑफ रिसर्च, एसडीः जोंस एंड बार्टलेट पब्लिशर्स इंक।

III. नेतृत्व, प्रबंधन तथा शिक्षण में उन्नत कौशल

दक्षताएं

1. जेरिएट्रिक देखभाल इकाइयों में नेतृत्व तथा प्रबंधन के सिद्धांतों को लागू करता है।
2. सिद्धांतों की बेहतर जानकारी का उपयोग करके जेरिएट्रिक देखभाल समायोजन में तनाव और संघर्ष को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करता है।
3. समस्या समाधान और निर्णय लेने के कौशल को प्रभावी ढंग से लागू करता है।
4. जेरिएट्रिक रोगी देखभाल में नेतृत्व प्रदान करने तथा प्रबंधन में महत्वपूर्ण चिंतन व संचार कौशल का उपयोग करता है।
5. दल बनाता है और जेरिएट्रिक देखभाल समायोजन में दूसरों को प्रेरित करता है।

6. इकाई का बजट तैयार करता है, आपूर्ति और स्टाफ का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करता है।
7. नवाचार और बदलाव के समय समुचित तरीके से भाग लेता है।
8. शिक्षण के ठोस सिद्धांतों के आधार पर प्रभावी शिक्षण विधियों, मीडिया और आंकलन का उपयोग करता है।
9. रोगी देखभाल में पक्ष–समर्थन भूमिका विकसित करता है, अस्पताल एवं सामुदायिक समायोजन की जेरिएट्रिक इकाइयों में गुणवत्ता और नैतिकता का अनुरक्षण करता है।
10. संकट की स्थिति में, विशेष रूप से मरणासन्न अवस्था में, परिजनों और रोगियों को परामर्श प्रदान करता है।

निर्देशन अवधिः सैद्धांतिकः 56 + प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशालाः 24 = 80 घंटे

क्र.स.	विषय	घंटे
1.	सिद्धांत, नेतृत्व शैली और वर्तमान रुझान	2
2.	सिद्धांत, प्रबंधन शैली और वर्तमान रुझान	2
3.	जेरिएट्रिक देखभाल समायोजन पर लागू नेतृत्व और प्रबंधन के सिद्धांत	4
4.	तनाव प्रबंधन और टकराव प्रबंधन – सिद्धांत और जेरिएट्रिक देखभाल परिवेश में अनुप्रयोग, प्रभावी समय प्रबंधन	4
5.	गुणवत्ता सुधार और संपरीक्षा	4
6.	समस्या समाधान, महत्वपूर्ण चिंतन और निर्णय लेना, जेरिएट्रिक देखभाल नर्सिंग अभ्यास पर लागू संचार कौशल	5
7.	जेरिएट्रिक वार्ड तथा सामुदायिक समायोजन में दल बनाना, प्रेरित करना और सलाह देना	2
8.	बजट तथा संसाधन प्रबंधन जिसमें मानव संसाधन के साथ जेरिएट्रिक वार्ड/सामुदायिक समायोजन में बजट, सामग्री प्रबंधन, स्टाफ तथा निहित कार्य शामिल हैं	5
9.	बदलाव और नवाचार	2
10.	स्टाफ प्रदर्शन और मूल्यांकन (निष्पादन मूल्यांकन)	6
11.	जेरिएट्रिक नर्सिंग पर लागू शिक्षण–अध्ययन सिद्धांत और नियम	2
12.	दक्षता आधारित शिक्षा और परिणाम आधारित शिक्षा	2
13.	शिक्षण विधियां/रणनीतियां – अनुभवात्मक, चिंतनशील, परिदृश्य आधारित, अनुकरण आदि, मीडियाः जेरिएट्रिक देखभाल समायोजन में रोगियों और कर्मचारियों को शिक्षित करना	8
14.	कर्मचारी शिक्षा और आंकलन में उपकरणों का उपयोग	4
15.	एपीएन – एक शिक्षक के रूप में भूमिका	2
16.	जेरिएट्रिक देखभाल परिवेश में समर्थन भूमिकाएं	2
	कुल योग	**56 घंटे**

व्यावहारिक/प्रयोगशाला = 24 घंटे

1. स्टाफ रोगी निहित कार्य तैयार करना
2. इकाई बजट तैयार करना
3. स्टाफ ड्यूटी रोस्टर तैयार करना
4. रोगी देखभाल संपरीक्षा
5. नर्सिंग देखभाल मानक और प्रोटोकॉल तैयार करना
6. उपकरण और आपूर्ति प्रबंधन
7. संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं की निगरानी, मूल्यांकन और रिपोर्ट लेखन
8. शिक्षण योजना विकसित करना
9. सूक्ष्म शिक्षण/रोगी शिक्षा सत्र
10. रोगियों और कर्मियों के लिए शिक्षण पद्धति और मीडिया तैयार करना
11. ओएससीई/ओएसपीई की योजना बनाना और संचालन करना
12. परीक्षण निर्माण

निहित कार्यः जेरिएट्रिक इकाई के लिए नर्सिंग देखभाल मानक तैयार करना।

संदर्भ ग्रंथ सूची

- बास्टेबल एस.बी. (2019). नर्स एज एडूकेटरः प्रिंसिपल्स ऑफ टीचिंग एंड लर्निंग फॉर नर्सिंग प्रैक्टिस (5वां संस्करण), नई दिल्लीः जोंस एंड बार्टलेट पब्लिशर्स इंक।

- बिलिंग्स डी.एम. व हैल्स्टेड जे.ए. (2019). टीचिंग इन नर्सिंगः अ गाइड फॉर फैकल्टी (छठा संस्करण), सेंट लुइस, मिसौरीः सॉन्डर्स एल्सवियर।
- क्लार्क सी.सी. (2010). क्रिएटिव नर्सिंग लीडरशिप एंड मेनेजमेंट, नई दिल्लीः जोंस एंड बार्टलेट पब्लिशर्स इंक।
- लीबलर जे.जी. व मैक्कोनेल सी.आर. (2008). मेनेजमेंट प्रिंसिपल्स फॉर हैल्थ प्रोफेशनल्स, सडबरी, एम.ए.ः जोंस एंड बार्टलेट पब्लिशर्स इंक।
- रोसेल एल. व स्वांसबर्ग आर.सी. (2010). मेनेजमेंट एंड लीडरशिप फॉर नर्स एडमिनिस्ट्रेटर्स (5वां संस्करण), नई दिल्लीः जोंस एंड बार्टलेट पब्लिशर्स इंक।

उन्नत नर्सिंग पाठ्यक्रम

IV. जेरिएट्रिक नर्सिंग में लागू उन्नत पैथोफिजियोलॉजी

दक्षताएं

1. जेरिएट्रिक स्थितियों में पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया के ज्ञान को निदान और देखभाल योजना तैयार करने के लिए एकीकृत करता है।
2. बुजुर्गों में लक्षण प्रबंधन और रोगों की द्वितीयक रोकथाम में पैथोफिजियोलॉजिकल सिद्धांतों को लागू करता है।
3. निदान, उपचार, देखभाल और पूर्वानुमान के मूल्य को पहचानते हुए प्रत्येक जेरिएट्रिक रोग से संबंधित पैथोफिजियोलॉजिकल परिवर्तनों का विश्लेषण करता है।

निर्देशन अवधिः सैद्धांतिकः 30 घंटे

इकाई	घंटे	विषय
I	4	**रोग प्रतिरक्षा कारक**
		• प्रतिरक्षा प्रणाली घटक
		• प्रतिरक्षा अनुक्रिया तंत्र
		• प्रतिरक्षा में कमी और लसीका प्रसार संबंधी विकार
		• रोग प्रतिरोधक क्षमता
		• प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं के प्रकार
		• टीके
II	2	**संक्रमण तथा रोग**
		• महामारी तथा संक्रमण का प्रसार
		• संक्रमण का निदान तथा प्रबंधन (आरटीआई, यूटीआई, त्वचा)
III	4	**फ्ल्यूड तथा इलेक्ट्रोलाइट संतुलन**
		• हाइपरनेट्रेमिया व हाइपोनेट्रेमिया
		• हाइपरकेलेमिया व हाइपोकेलेमिया
		• कैल्शियम–फॉस्फेट तथा मैग्नीशियम मेटाबोलिज्म/विटामिन डी
		• एसिड बेस में गड़बड़ी
IV	6	**कार्डियोवस्कुलर फंक्शन** हृदय संबंधी स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• कार्डियोमायोपैथी
		• मायोकार्डिटिस
		• उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन)
		• महाधमनीय रोग
		• बाह्य संवहनीय रोग
		• इस्कीमिक हृदय रोग
V	4	**पल्मोनरी फंक्शन** फुफ्फुसीय स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• ऊर्ध्व व निचले श्वसन तंत्र के विकार
		• ब्रोन्कियल अस्थमा, सीओपीडी, कोर पल्मोनेल
		• गंभीर और जीर्ण श्वसन विफलता (एक्यूट एंड क्रोनिक रेस्पिरेटरी फेल्योर)

इकाई	घंटे	विषय
		• फेफड़े की रसौली (नियोप्लाज्म्स ऑफ लंग)
		• इंटरस्टिशियल लंग डिसीज (आईएलडी) – डिसीज ऑफ प्ल्यूरा, मीडियास्टिनम एंड डायाफ्राम
VI	4	**गैस्ट्रोइंटैस्टिनल फंक्शन** जठरांत्रिय स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• ग्रासनली (ओसियोफेगस) के रोग
		• खाने की नली में खाना ऊपर लौटना (गैस्ट्रोसियोफेगस रिफलक्स रोग)
		• पेप्टिक अल्सर, गैस्ट्रिटिस (जठर शोध)
		• पेट की असाध्यता, कोलन (बृहदान्त्र)
VII	6	**हेपेटोबिलरी एंड पैंक्रियाटिक फंक्शन** हेपेटोबिलरी स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• यकृत रोग की नैदानिक प्रक्रियाएं
		• यकृत/पित्त चयापचय की गड़बड़ी
		• गंभीर यकृत शोध
		• जीर्ण यकृत शोध
		• यकृत का सूत्रण विकार (सिरोसिस)
		• यकृत के ट्यूमर
		• यकृत में फोड़ा होना (एब्सेस)
		• कोलेसीस्टाइटिस, कोलेलिथियसिस
		• पैंक्रियाटिटिस (अग्नाशयशोथ)
		• पैंक्रियाटिक मेलिग्नेंसी (अग्न्याशय की असाध्यता)
VIII	4	**एंडोक्राइन फंक्शन** अंतःस्रावी स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• पीयूष ग्रंथि (पिट्यूटरी ग्लैंड)
		• एंटीरियर पिट्यूटरी रोग
		• न्यूरोहाइपोफाइसिस रोग
		• हाइपर एंड हाइपोथायरायडिज्म
		• हाइपर एंड हाइपोपैराथायरायडिज्म
		• मधुमेह
		• अधिवृक्क प्रांतस्था और मज्जा (कॉर्टेक्स एंड मेडूला) रोग
IX	6	**रीनल एंड यूरीनरी फंक्शन** गुर्दे व मूत्र संबंधी स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• गंभीर वृक्कीय विफलता (एक्यूट रीनल फेल्योर)
		• जीर्ण वृक्क विकार
		• नेफ्रोटिक सिंड्रोम
		• नेफ्रिटिक सिंड्रोम
		• गुर्दे के संवहनीय विकार (वृक्क धमनीय संकुचन)
		• नेफ्रोलिथियासिस
		• ऑब्स्ट्रक्टिव यूरोपैथी
		• यूरीनरी ट्रैक्ट इनफैक्शन (मूत्र मार्ग में संक्रमण)
		• यूरीनरी इनकंटीनेंस (मूत्रीय असंयमिता)
		• एपिडिडायमोर्चिटिस (अधिवृषण शोध)
X	6	**हेमाटोलॉजिकल फंक्शन** रक्त संबंधी स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• रक्त संरचना व भंजन

इकाई	घंटे	विषय
		• रक्त समूह और रक्ताधान प्रतिक्रिया
		• रक्ताल्पता (एनीमिया)
		• अस्थि मज्जा विफलता (बोन मेरो फेल्योर)
		• मायलोप्रोलिफेरेटिव डिस्ऑर्डर
		• इडियोपैथिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिक पुरपुरा (आईटीपी)
		• अधिश्वते रक्तता (ल्यूकेमिया)
		• लिम्फोमास
XI	4	**फंक्शंस ऑफ कनेक्टिव टिस्यूज, जाइंट्स एंड बोंस** संयोजी ऊतक, जोड़ और हड्डियों को प्रभावित करने वाली स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• संधिवात गठिया (रिह्यूमेटोइड आर्थिरिटिस)
		• रीढ़ के जोड़ों में गतिविधि–रोधक सूजन (एंकोलोजिंग स्पोंडिलिसिस)
		• प्रणालीगत रक्तिम त्वग्यक्ष्मा (सिस्टेमिक ल्यूपस इराइथिमेटोसिस)
		• पॉलीमेल्जिया
		• वात विकार (गाउट)
		• अस्थिसंधिशोध (ओस्टिओआर्थिरिटिस)
		• हड्डी के विकार – चयापचय और अंतःस्रावी (मेटाबोलिक एंड एंडोक्राइन)
XII	6	**न्यूरोलॉजिकल फंक्शन** तंत्रिका संबंधी स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• न्यूरोलॉजी में नैदानिक परीक्षण – ईएमजी, स्कैन
		• प्रगाढ़ बेहोशी (कोमा)
		• सिर दर्द
		• मिर्गी (एपिलेप्सी)
		• नींद संबंधी विकार – ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया
		• कपाल तंत्रिकाओं (क्रेनियल नर्व्स) के विकार
		• सेरेब्रोवस्कुलर विकार – सीवीए, ट्रांजिएंट इस्केमिक अटैक
		• रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कोर्ड) में चोट
		• परिधीय तंत्रिका विकृति (पेरीफेरल न्यूरोपैथी)
		• सीएनएस के पायोजेनिक संक्रमण – एन्सेफलाइटिस, मेनिनजाइटिस
		• वायरल संक्रमण – हर्पीस ज़ोस्टर
		• डिमाइलिनेटिंग विकार
		• अपक्षयी विकार – पार्किंसंस विकार, प्रोग्रेसिव सुप्रा न्यूक्लियर पाल्सी
		• सीएनएस में चयापचय और पोषण संबंधी विकार – विटामिन बी12, थायमिन
XIII	4	**इंटिगुमेंटरी फंक्शन** झिल्ली संबंधित स्थितियों की उन्नत पैथोफिजियोलॉजिकल प्रक्रिया
		• प्रणालीगत रोग की त्वचीय अभिव्यक्ति (क्यूटेनियस मेनिफेस्टेशन ऑफ सिस्टेमिक इलनेस)
		• सामान्य खुजली (प्रूरिटिस)
		• त्वचीय रंजकता और शल्कीत्वचा (स्किन पिगमेंटेशन एंड इच्थायोसिस)
		• दाद (स्केबीज)
		• संश्लेषण संवेदनशीलता (फोटोसेंसिटिविटी)
		• विचर्चिका (सोरायसिस)
		• त्वचा का फंगल संक्रमण

संदर्भ ग्रंथ सूची

- बर्कोविट्ज़ ए. (2021). क्लिनिकल पैथोफिजियोलॉजी (दूसरा संस्करण), मेडमास्टर इंक.
- ह्यूथर एस.ई., मैककैंस के.एल. व ब्रशर्स वी.एल. (2019). अंडरस्टेंडिंग पैथोफिज़ियोलॉजी (7वां संस्करण), सेंट लुइस, मिसौरीः एल्सवियर।
- नॉरिस टी.एल. (2020). पोर्थ्स एसेंशियल्स ऑफ पैथोफिजियोलॉजी (5वां संस्करण), वाल्टर्स एंड क्लूवर।
- पोर्थ सी.एम. (2007). असेंसियल्स ऑफ पैथोफिज़ियोलॉजीः कंसेप्ट्स ऑफ अल्टर्ड हैल्थ स्टेट्स (चौथा संस्करण), फिलाडेल्फियाः लिपिनकॉट विलियम्स एंड विल्किंस।
